माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in e-mail ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 48 /एन0एस0एस0/एम.एस.यू./2022–23 दिनांक: 13.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
राष्ट्रीय सेवा योजना
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

विषयः– "छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम" (Student Police Experiential Programme /Internship) के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड लखनऊ के पत्रांक सं0–15–01/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2023–24/3854–3988 दिनांक 12 सितम्बर, 2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में अध्ययनरत महिला एवं पुरूष स्वयंसेवकों के साथ छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक इकाई 5 छात्र/छात्राओं के नाम दिनांक 13.09.2023 शाम 04:00 बजे तक आवश्यक रूप से संलग्न प्रारूप पर भरकर कार्यालय ई–मेल nss@msuniversity.ac.in एवं व्हाट्सएप नं0 9837031150 व 7078190390 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि सूचना ससमय कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित की जा सकें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

(डा0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय को मा0 कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड
लखनऊ

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
Department of Youth Affairs
Regional Directorate of NSS
Uttar Pradesh & Uttarakhand
Lucknow

अति महत्वपूर्ण

सं0- 15-01/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2023-24/3854 - 3988

दिनांक: सितम्बर 12, 2023

समस्त कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना- ससमत विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश

समन्वयक (NSS) कृ. आवश्यक कार्यवाही करें। 13.9.23

विषय : "छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम" (Student Police Experiential Programme/Internship) के सम्बन्ध में –

दिनांक 01 सितम्बर, 2023 को माननीय सचिव महोदया, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में भारत के समस्त पुलिस महानिदेशक एवं क्षेत्रीय निदेशक रासेयो के साथ उपरोक्त विषय पर हुई ऑनलाइन बैठक के तारतम्य में आज दिनांक 12.09.2023 को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के साथ दूरभाष पर हुई वार्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जिलों में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में अध्यनरत महिला एवं पुरुष रासेयो स्वयंसेवकों के साथ छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा 30 दिनों तक प्रतिदिन 04 घंटे, कुल 120 घंटे पुलिस थानों की कार्यशैली एवं पद्धति को समझने हेतु स्थानीय पुलिस थानों में कार्य किया जायेगा जिसके लिए नई शिक्षा नीति, 2020 के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशानुसार 02 क्रेडिट अंक स्वयंसेवक की मार्कशीट में दर्ज होंगे तथा उचित प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम सम्बन्धी पत्र एवं दिशानिर्देश पुनः संलग्न है। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी की संरक्षता एवं नियंत्रण में किया जाना प्रस्तावित है।

"छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम" (Student Police Experiential Programme/Internship) समापन समारोह में कार्यक्रम समन्वयकों एवं उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवकों के अनुभव की जानकारी हेतु स्वयंसेवकों को भी आमंत्रित किये जाने एवं पुरस्कृत किये जाने की योजना भी प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले समस्त जिलों से न्यूनतम 50 स्वयंसेवकों का विवरण संलग्न एनेक्सर पर जिलावार इस कार्यालय को दिनांक 14 सितम्बर, 2023 (अपराह्न 02:00 बजे) तक इस कार्यालय को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं जिससे की संदर्भित डाटा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित कर कार्यक्रम में सहयोग किया जा सके।

भवदीय

(ए एस कबीर)
क्षेत्रीय निदेशक

संलग्नक: उक्तवत

प्रतिलिपि:-

1. पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, भारत सरकार, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
3. निजी सहायक के माध्यम से समस्त विश्वविद्यालय के कुलपति के अवलोकनार्थ।
4. कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. राज्य रा.से.यो. अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने स्तर से कार्यवाही करते हुए 75 जिलों के स्वयंसेवकों की सूची इस कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

Government of India

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

Ministry of Youth Affairs & Sports

रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड

List of Volunteers for Student Police Experiential Learning Program

Name of the University-

S.N.	DISTRICT	NAME OF INSTITUTE	NAME OF VOLUNTEER	FATHER NAME	GENDER	DATE OF BIRTH	CLASS	E-MAIL ID	MOB. NO	POLICE STATION
1										
2										
3										
4										
5										
6										
7										
8										
9										
10										
11										
12										
13										
14										
15										
16										
17										
18										
19										
20										
21										
22										
23										